RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

माल मुफ़्त का देखकर, मुख से टपके लार।
ग्यारह सौ देकर शगुन, टूट पड़े परिवार।
टूट पड़े परिवार, थालियां भर-भर लाते।
मिलकर सारे लोग, सभी कुछ चट कर जाते।
कह साहिल कविराय, विवाहों का है सीजन।
अच्छा मौका मिला, मुफ़्त में ठूंसो भोजन।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 28 | MONDAY 09-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## चर्चा : अब लुधियाना नगर निगम में कूड़ा टेंडर की आड़ में होगा बड़ा खेल !

# घरों से कूड़ा उठाने, लिफ्टिंग-प्रोसेसिंग को 1150 करोड़ का एस्टिमेंट तैयार, मौजूदा टेंडरों से 3 गुना ज्यादा पैसा खर्च करके टेंडर देने का प्रयास

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना कारपोरेशन में कूड़ा घरों से उठाने, लिफ्टिंग और प्रोसेसिंग के टेंडर लगाकर बड़ा खेल करने की तैयारी करने की चचाएं सामने आई है। चर्चा है कि निगम द्वारा इस पूरे प्रोसेस के लिए एक एस्टिमेंट तैयार किया गया है। जिसे पास करने की तैयारी भी कर ली गई है। इस संबंधी करीब 1150 करोड़ रुपए का टेंडर लगाने का एस्टिमेंट बनाया है। यह टेंडर मौजूदा कूड़ा लिफ्टिंग व प्रोसेसिंग टेंडरों के मुकाबले दो से तीन गुना ज्यादा कीमत के हिसाब से बना है। जिससे टेंडर लेने वाले ठेकेदार को मालामाल करने की तैयारी है। चर्चा है कि इस टेंडर में कई अफसरों और राजनेताओं की मिलीभगत है। जिसके चलते अब जनता द्वारा टैक्स के जरिए दिया जाने वाला पैसा जमकर बर्बाद किया जाएगा। सोमवार तीन बजे पंजाबी भवन में निगम हाउस की मीटिंग आयोजित की जा रही है। मीटिंग में कूड़े के इस टेंडर का प्रस्ताव पास करने के लिए हाउस के आगे रखा जाएगा। इससा जहां करोड़ों रुपए का खेल होगा, वहीं घरों से कूड़ा उठाने वाले निगम मुलाजिम भी बेरोजगार हो जाएंगे।




## हजारों निगम सफाई कर्मी बेरोजगार होने की आशंका

### आठ साल के लिए लगेगा टेंडर

चर्चा है कि निगम अधिकारियों द्वारा 1150 करोड़ रुपए का टेंडर एस्टिमेंट बनाया गया है। जिसमें टेंडर लेने वाली कंपनी घरों से कूड़ा उठाएगी, फिर उसे लिफ्टिंग कर डंप तक पहुंचाएगी और आगे प्रोसेसिंग भी करेगी। इस पूरे कार्य के लिए एक ही कंपनी को टेंडर दिया जाएगा। एस्टिमेंट मुताबिक आठ साल के लिए टेंडर दिया जाएगा और 170 करोड़ रुपए प्रति साल खर्च होंगे। इस टेंडर के मुताबिक निगम ठेकेदार को 3300 रुपए प्रति टन पेमेंट अदा करेगी।

### अगर पहले ठेके गलत, तो इसका जिम्मेदार कौन

लुधियाना शहर स्वच्छता के मामले में पिछड़ चुका है। अगर अधिकारी मौजूदा ठेकों से खुश नहीं हैं, तो इसके पीछे आखिर जिम्मेदार कौन है। चर्चा है कि इन कंपनियों को ठेका देने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं चर्चा है कि अगर मौजूदा ठेकेदार सही से काम नहीं कर रहे तो क्या गारंटी है कि नया ठेकेदार सही से काम करेगा। चर्चा है कि अगर टेंडर अलॉट करने वाले निगम अधिकारी लिखित में इसकी गारंटी देने के लिए तैयार हैं, फिर तो ठीक है।

### इंदौर में कूड़ा उठाने के निगम को मिलती है पेमेंट

लुधियाना में जहां कूड़ा लिफ्टिंग और प्रोसेसिंग के लिए करोड़ों रुपए बर्बाद किए जा रहे हैं। वहीं इंदौर में कूड़े का टेंडर लेने वाली कंपनियों द्वारा उल्ट इंदौर कारपोरेशन को पैसा दिया जाता है। क्योंकि ठेकेदारों द्वारा कूड़े से गैस, प्लास्टिक और खाद बनाई जाती है। जिससे उन्हें काफी मुनाफा होता है। लेकिन दूसरी तरफ लुधियाना कारपोरेशन के कुछ अधिकारी व राजनेता सिर्फ कमाई के चक्कर में टेंडर देने की ही बात पर अड़े रहते हैं। कोई भी बात होने पर उसे विचारने की जगह सीधा करोड़ों का एस्टिमेंट बनाकर टेंडर लगाने की तैयार कर ली जाती है।

### आर्बिट्रेशन में करोड़ों रुपए गंवा सकती है कारपोरेशन

वहीं, बता दें कि मौजूदा कूड़ा लिफ्टिंग व प्रोसेसिंग करने वाली कंपनियां प्यारा सिंह एंड कंपनी और ग्रीनटेक एनवायरनमेंट कंपनी का ठेका 2028 तक का है। अगर निगम नई कंपनी को ठेका देगी तो इन पुरानी कंपनियों को बाहर करना होगा। चर्चा है कि अगर निगम इन कंपनियों के टेंडर बीच में रद्द करते हुए खत्म करती है, तो कंपनियां आर्बिट्रेशन में जा सकती है। जिसके चलते निगम को आर्बिट्रेशन में करोड़ों रुपए का नुकसान हो सकता है।

### विपक्ष आखिर क्यों शांत ?

वहीं शहर में चर्चा है कि लुधियाना कारपोरेशन में विपक्ष काफी मजबूत है, फिर चाहे वे कांग्रेस या बीजेपी क्यों न हो। लेकिन फिर भी विपक्ष द्वारा जनता के बर्बाद हो रहे करोड़ों रुपए को लेकर आवाज नहीं बुलंद की जाती। अब देखना होगा कि सोमवार को होने वाली हाउस की मीटिंग में क्या विपक्षी लीडर जनता के पैसों की बबार्दी रोक सकेगें या नहीं।

### तीन गुना ज्यादा पैसा खर्च करने की तैयारी

मौजूदा समय में प्यारा सिंह एंड कंपनी द्वारा कांपेक्टरों से कूड़ा उठाकर डंप पर गिराया जाता है। जिसके लिए निगम उसे 300 रुपए प्रति टन के हिसाब से पेमेंट देती है। वहीं डंप से कूड़ा प्रोसेसिंग का काम ग्रीनटेक एनवायरनमेंट कंपनी कर रही है। जिसे 690 रुपए प्रति टन मुताबिक पेमेंट दी जाती है। दोनों का मिलाकर 990 रुपए हुए। वहीं घरों से कूड़ा उठाने के लिए अपनी तरफ से 400 रुपए प्रति टन भी जोड़ लें तो भी 1390 रुपए बने। लेकिन अब जो नया टेंडर लगाया जा रहा है, उसमें 3300 रुपए प्रति टन के हिसाब से पैसे दिए जाने है। यानि कि निगम मौजूदा टेंडरों के मुकाबले दो से तीन गुना ज्यादा पैसा खर्च करके जनता के पैसों की बबार्दी करेगा।

### घरों से कूड़ा उठाने वाले कर्मी होंगे बेरोजगार

वहीं इस टेंडर के बाद घरों से कूड़ा उठाने वाले कर्मी भी बेरोजगार होने की आशंका है। वहीं निगम अधिकारियों ने एस्टिमेंट तो बना लिया, लेकिन उसमें यह नहीं लिखा कि घरों से होने वाली कलेक्शन निगम करेगा या ठेका लेने वाली कंपनी करेगी। कलेक्शन के लिए बाद में देखने की बात लिखी गई है। वहीं अगर यह कलेक्शन भी ठेकेदार करेगा, तो उसकी चांदी नहीं सोना बन जाएगा। क्योंकि इससे लाखों रुपए कलेक्शन प्रति एरिया होती है।

# मोहाली में गुरुद्वारा अंब साहिब की जमीन की बिक्री के मामले में मैनेजर समेत 7 लोगों पर केस दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/8 फरवरी। पुलिस ने आईटी सिटी के पास सैनी माजरा गांव में गुरुद्वारा अंब साहिब की जमीन की कथित बिक्री के मामले में गुरुद्वारा मैनेजर समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साज़िश का मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि सोहाना पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह की शिकायत पर, गुरुद्वारा मैनेजर राजिंदर सिंह, गुरिंदर सिंह, तलविंदर सिंह, सतबीर, बलजिंदर सिंह, प्रेमगढ़ निवासी जसविंदर सिंह, हाउस नंबर 4, गुरुद्वारा अंब साहिब, फेज-8 निवासी गुरचरण सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साज़िश का मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस



**एसजीपीसी ने कमेटी की थी गठित...**एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था। 3 फरवरी को IT सिटी (सेक्टर 101) के सैनीमाजरा गांव में गुरुद्वारा अंब साहिब, फेज 8 की 44 मरला जमीन की कथित बिक्री को लेकर विवाद होने के बाद एसजीपीसी ने गुरुद्वारा अंब साहिब के मैनेजर राजिंदर सिंह को सस्पेंड कर दिया था। बताया जाता है कि यह जमीन अलग-अलग खरीदारों को 1.32 करोड़ रुपये में बेची गई थी और पिछले साल 2 दिसंबर को मोहाली के सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में इसका रजिस्ट्रेशन हुआ था।

अधिकारी ने बताया, सभी आरोपी फरार हैं। आरोप है कि सेक्टर-76 के सब-रजिस्ट्रार के ऑफिस में फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और आरोपियों ने 2 दिसंबर को धोखाधड़ी से रजिस्ट्रेशन करवाया। 7 फरवरी को सोहाना पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

**कमेटी की मिलीभगत बिना सौदा मुमकिन नहीं...**सवाल उठाए गए कि जब राजस्व रिकॉर्ड में जमीन गुरुद्वारे की बताई गई है, तो गुरुद्वारे की जमीन कैसे बेची गई, जबकि बिक्रीनामा में लिखा है कि जमीन किसी धार्मिक संस्था की नहीं है। मामला सामने आने के बाद गांव के निवासी सतविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह और रणधीर सिंह ने एसजीपीसी को एक पत्र लिखा था। मोहाली से एसजीपीसी सदस्य परमजीत कौर लांडरां ने भी कहा था कि इस जमीन की बिक्री के बारे में कोई विज्ञापन नहीं दिया गया था। अगर खुली नीलामी होती, तो जमीन 15 से 20 करोड़ रुपये में बिकती। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी कमेटी की मिलीभगत के बिना यह सौदा मुमकिन नहीं था, और उन्होंने जांच और जमीन की रजिस्ट्री रद्द करने की मांग की।

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# गम्सा एक्सपो में उमड़ा कारोबारियों का सैलाब, तीसरे दिन 30 हजार से अधिक विजिटर

## हाई-एंड मशीनरी में कॉस्ट कटिंग और ऑटोमेशन बनी आकर्षण का केंद्र : प्रधान गुरप्रीत



















लुधियाना, यूटर्न, 8 फरवरी। गारमेंट्स, टैक्सटाइल, वॉशिंग, फिनिशिंग, इम्ब्रॉयडरी, प्रिंटिंग, डाइंग और स्टिचिंग मशीनरी व एक्सेसरीज पर आधारित 10वें गम्सा एक्सपो के तीसरे दिन जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रदर्शनी में विजिटरों की संख्या 30 हजार का आंकड़ा पार कर गई, जिससे उद्योग जगत में इसके बढ़ते महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। यूरोप-इंडिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) के मद्देनजर बड़ी संख्या में कारोबारी मास प्रोडक्शन से लेकर क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग के लिए नई तकनीकों से अपडेट होते नजर आए।गम्सा एक्सपो के प्रधान गुरप्रीत सिंह केपी ग्लोबल और चेयरमैन राम कृष्ण ने बताया कि इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे बदलावों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न देशों की अत्याधुनिक मशीनरी का प्रदर्शन किया गया है, जिसका फोकस इंडस्ट्री की प्रमुख समस्याओं — कॉस्ट कटिंग और मैनपावर शॉर्टेज — के समाधान के तौर पर ऑटोमेशन और एनर्जी सेविंग टेक्नोलॉजी पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में हाई-एंड सर्कुलर, अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट फ्लैट निटिंग, इम्ब्रॉयडरी, प्रिंटिंग, डाइंग, वॉशिंग और फिनिशिंग मशीनरी का लाइव डेमो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### तत्काल ट्रेनिंग सेंटर्स की स्थापना जरूरी : भूपेश जैन

गोल्ड स्टोन इंटरनेशनल के एमडी भूपेश जैन ने कहा कि इंडस्ट्री में स्किल्ड मैनपावर की भारी कमी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी कारण इस वर्ष उन्होंने एनर्जी सेविंग और ऑटोमेशन आधारित फ्लैट मशीनों की डिस्प्ले की है, जिसे विजिटर्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लुधियाना इंडस्ट्री के उज्ज्वल भविष्य और यूरोपझ्रइंडिया ऋळअ का पूरा लाभ उठाने के लिए तत्काल ट्रेनिंग सेंटर्स की स्थापना जरूरी है, ताकि पर्याप्त स्किल्ड मैनपावर तैयार की जा सके।

# बढ़ी कीमतों से घटी खरीदारी, रियल एस्टेट मार्केट में आई सुस्ती



नई दिल्ली, यूटर्न, 08 फरवरी। रेजिडेंशियल रियल एस्टेट बाजार में तेजी के बाद अब सुस्ती के संकेत मिलने लगे हैं। लगातार बढ़ी कीमतों के कारण बड़ी संख्या में घर खरीदारों का बजट बिगड़ गया है, जिससे कई शहरों में बुकिंग और साइट विजिट दोनों में गिरावट दर्ज की जा रही है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट्स के अनुसार 2024 में प्रॉपर्टी रेट्स में तेज उछाल देखने को मिला। प्रमुख मेट्रो और टियर-2 शहरों में घरों के दाम औसतन 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़े। निर्माण लागत, जमीन की कीमतें और फाइनेंसिंग कॉस्ट बढ़ने से बिल्डरों ने प्राइस बढ़ाई, जिसका सीधा असर एंड-यूजर डिमांड पर पड़ा।

डेटा के मुताबिक जिन यूनिट्स की कीमत 2023 में 60झ्र70 लाख रुपये थी, वही 2025 की शुरूआत तक 90 लाख से 1 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसके चलते मिडिल-इनकम खरीदार बाजार से बाहर होते नजर आ रहे हैं। इंडस्ट्री सूत्र बताते हैं कि जनवरी 2026 में कई शहरों में नई बुकिंग में पिछली तिमाही के मुकाबले 10 से 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं अनसोल्ड इन्वेंट्री बढ़ रही है, जिससे डेवलपर्स अब नई लॉन्चिंग धीमी कर रहे हैं और मौजूदा स्टॉक निकालने पर फोकस कर रहे हैं। बिल्डर अब डिस्काउंट, सबवेंशन स्कीम और फ्लेक्सिबल पेमेंट प्लान दोबारा पेश कर रहे हैं ताकि डिमांड को सपोर्ट मिल सके। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा हालात में बाजार में बड़ी गिरावट की संभावना कम है, लेकिन कीमतों में तेजी का दौर फिलहाल थम सकता है। आने वाले महीनों में रियल एस्टेट सेक्टर स्टेबलाइजेशन फेज में रहने की उम्मीद है।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 अखंड महायज्ञ में आहुतियां डालने से होगी व्यापार...

# रिहायशी इलाके में रबर पैड्स का अवैध भंडारण, अधिकारियों की कार्यशैली पर उठे सवाल

मिलन

लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना महानगर के बहादुरके रोड़ नजदीक स्थित न्यू दाना मंडी में इंडस्ट्रियल रबर पैड्स और रबर शीट्स का खुले में अवैध भंडारण किया जा रहा है, जो अब मंडी क्षेत्र से निकलकर रिहायशी खाली प्लॉट्स तक फैल चुका है। इस कारण आसपास रहने वाले लोगों की सेहत और जान दोनों खतरे में पड़ गई हैं। न्यू दाना मंडी का यह हिस्सा सीधे रिहायशी कॉलोनी से जुड़ा हुआ है। यहां बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी में रखी गई रबर सामग्री अब घरों के बिल्कुल पास तक आ चुकी है, जिससे आम लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। रबर की इंडस्ट्रियल सामग्री धूप और गर्मी के संपर्क में आने पर तेज बदबू और हानिकारक गैसें छोड़ती है। इससे सांस लेने में परेशानी, सिरदर्द, आंखों और गले में जलन जैसी समस्याएं हो रही हैं। लंबे समय तक इस माहौल में रहने से बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। रबर पैड्स और शीट्स के ऊपर बारिश का पानी जमा हो जाता है। इससे मच्छरों को पनपने का मौका मिलता है और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके में मच्छरों की संख्या पहले से काफी बढ़ चुकी है।





रिहायशी इलाके में रबर पैड्स का अवैध भंडारण

## कृषि दुकानों का दुरुपयोग और अवैध कब्जा

मंडी बोर्ड के नियमों के अनुसार न्यू दाना मंडी की दुकानें केवल कृषि व्यापार के लिए आवंटित की गई हैं, लेकिन कुछ दुकानदार इनका इस्तेमाल इंडस्ट्रियल रबर सामग्री रखने के लिए कर रहे हैं। आरोप है कि दुकानदारों ने पंजाब मंडी बोर्ड की जमीन और रिहायशी खाली प्लॉट्स पर भी अवैध कब्जा कर रखा है पर बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

## रेजिडेंशियल में इंडस्ट्रियल रबर का भंडारण कानूनन अपराध - एडवोकेट सुभद्रा



एडवोकेट सुभद्रा ने कहा कि रिहायशी इलाके में इंडस्ट्रियल रबर सामग्री का खुले में भंडारण कानून का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कृषि प्रयोजन के लिए आवंटित दुकानों का इस तरह दुरुपयोग करना न केवल मंडी नियमों के खिलाफ है, बल्कि यह आम नागरिकों के सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रहने के अधिकार पर भी सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो यह मामला केवल दुकानदारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। ऐसे मामलों में कानून स्पष्ट है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए।

## आगजनी की घटना होने का खतरा

इंडस्ट्रियल रबर जल्दी आग पकड़ लेता है। यदि किसी कारण से आग लग गई तो उससे निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे रिहायशी इलाके में फैल सकता है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है और इसके साथ ही आग रिहायशी घरो में भी फैल सकती है ।

## शिकायत दर्ज, लेकिन कार्रवाई नहीं

इस मामले को लेकर इलाका निवासियों द्वारा भी प्रशासन को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। मार्किट कमेटी, सेलम टाबरी कार्यालय में शिकायत प्राप्त होने के बावजूद अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों ने रोष जाहिर करते मांग रखी कि मंडी और रिहायशी इलाकों में रखी गई इंडस्ट्रियल रबर सामग्री को तुरंत हटाया जाए, सरकारी और रिहायशी जमीन से अवैध कब्जा समाप्त किया जाए। आरोपी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए और इलाके में सफाई तथा आग से बचाव के पूरे इंतजाम किए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे मामले को उच्च स्तर तक ले जाएंगे।

# पंजाब के शाही इमाम पर हमले की कोशिश, मस्जिद बाहर बनी दुकानों का विवाद, केस दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना। शाही इमाम पंजाब सहित 3 लोगों पर जामा मस्जिद, जेल रोड के बाहर तीन लोगों ने अटैक कर घायल कर दिया है। हमलावरों ने शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवीं, मस्जिद कार्यालय प्रबंधक और एक अन्य व्यक्ति पर ईंटे बरसाई है। घटना के पीछे मस्जिद परिसर में बनी दुकानों को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। थाना डिवीजन नंबर-2 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



आरोपियों की पहचान ब्राउन रोड निवासी उबैद-उर-रहमान, उसके बेटे अतीक-उर-रहमान और मोहम्मद अहमद के रूप में हुई है। मामले में शिकायत मस्जिद कार्यालय प्रभारी मोहम्मद मुजाहिद ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जामा मस्जिद का नवीनीकरण चल रहा है, जिसकी निगरानी खुद शाही इमाम कर रहे हैं। 1 फरवरी को जब शाही इमाम मस्जिद पहुंचे तो आरोपी वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन लोगों ने ईंट से हमला कर दिया।शिकायतकर्ता के मुताबिक, जब उन्होंने और शाह नवाज ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आस-पास के लोग जमा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में पुलिस को सूचना देकर शिकायत दी गई।

# विधायक छीना के बेटे को ऑस्ट्रेलिया बुलाने का झांसा दे बहू ने 50 लाख लगवा पीआर फाइल से कटवाया नाम, लड़की समेत 8 पर मामला दर्ज



विधायक राजिंदरपाल कौर छीना



शिकायतकर्ता हरप्रीत सिंह छीना

लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना के हल्का साउथ से आम आदमी पार्टी की विधायक राजिंदर पाल कौर छीना के बेटे को ऑस्ट्रेलिया में पीआर दिलाने का झांसा देकर एक लड़की ने पहले शादी कर ली। फिर लड़के वालों का 50 लाख रुपए लगवाकर स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गई। वहां पर उसने पीआर फाइल से लड़के का नाम कटवाकर ठगी कर डाली। वहीं लड़की के मायके वालों पर विधायक के घर घुसकर 20 तोले सोना और कीमती सामान चुराने के भी आरोप है। इस संबंधी विधायक छीना के पति हरप्रीत सिंह की और से उच्च अधिकारियों को शिकायत दी गई। जिसके बाद थाना डाबा की पुलिस ने एमजेके नगर के हरप्रीत सिंह की शिकायत पर उनकी बहू मोहाली की नवनीत कौर, उसके पिता तेजा सिंह नागरा, माता हरपाल कौर, पटियाला के काका सिंह, फलोल सिंह, संगरुर के अमर सिंह, सुखदेव सिंह पटवारी और उसकी पत्नी के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- लड़की के परिवार वालों पर विधायक के घर घुसकर 20 तोले सोना चोरी करने का भी आरोप

## लड़की के स्टडी वीजा पर खर्च किए थे 50 लाख

शिकायतकर्ता हरप्रीत सिंह द्वारा पुलिस को दिए बयानों के मुताबिक उनके बेटे नवकीरनजीत सिंह की शादी 2013 में नवनीत कौर के साथ हुई थी। शादी के बाद नवनीत द्वारा पहले खुद विदेश जाने और फिर नवकीरनजीत को ऑस्ट्रेलिया ले जाकर पीआर कराने का भरोसा दिया था। जिसके लिए नवकीरनजीत सिंह के परिवार यानि कि विधायक राजिंदर पाल कौर छीना और उनके पति हरप्रीत सिंह की और से लड़की के स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया जाने और वहां रहने और कॉलेज की फीस पर करीब 50 लाख रुपए खर्च किए थे।

## चोरी का विरोध करने पर फाइल से कटवाया नाम

शिकायतकर्ता का आरोप है कि नवनीत कौर द्वारा कुछ समय बाद स्पाउस वीजा पर नवकीरनजीत को भी विदेश बुला लिया गया। इस बीच नवनीत कौर के मायके वाले विधायक छीना के घर आए। जिन्होंने घर की अलमारी से 20 तोले सोने के गहने और कीमती सामान चोरी कर लिया। इस संबंधी नवकीरनजीत ने नवनीत से पूछा तो वह झगड़ा करने लगी। जिसके बाद उसने पीआर फाइल से नवकीरनजीत का नाम कटवा दिया।

## पत्नी के धोखे से विदेश में फंसा नवकीरनजीत सिंह

जिस वजह से नवकीरनजीत विदेश में फंस गया। विधायक के पति हरप्रीत सिंह द्वारा जब आरोपियों से 50 लाख रुपए और चोरी किए गहने वापिस मांगें तो वह टाल मटोल करने लगे और फिर इंकार कर दिया। जिससे परेशान होकर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

# गुरुग्राम में 500 करोड़ का रियल एस्टेट घोटाला, 32nd Avenue के CEO ध्रुव दत्त शर्मा गिरफ्तार

गुरुग्राम, यूटर्न, 08 फरवरी। हरियाणा के गुरुग्राम में रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ा अब तक का बड़ा घोटाला सामने आया है। 32nd Avenue प्रोजेक्ट के CEO ध्रुव दत्त शर्मा को पुलिस ने करीब 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने करीब 500 से 1000 निवेशकों को ठगते हुए एक ही कमर्शियल यूनिट को कई बार अलग-अलग लोगों को बेच दिया और निवेशकों को अशोर्ड रेंटल रिटर्न का झांसा दिया, जो वर्ष 2025 से बंद हो चुका था।



## निवेशकों को 1 से २.5 करोड़ तक की चपत

सूत्रों के अनुसार इस घोटाले में कई निवेशकों को प्रत्येक को 1 करोड़ से लेकर 2.5 करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ है। आरोप है कि निवेश की रकम को प्रोजेक्ट में लगाने के बजाय उसे लक्जरी प्रॉपर्टीज और निजी खर्चों में डायवर्ट किया गया।

## एक ही यूनिट कई निवेशकों को बेची

जांच एजेंसियों के मुताबिक ध्रुव दत्त शर्मा और उनकी कंपनियों ने कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये जुटाए। निवेशकों को आकर्षक रेंटल इनकम का भरोसा दिलाया गया, लेकिन बाद में पता चला कि कई यूनिट्स एक से ज्यादा निवेशकों को बेची गई थीं। इससे निवेशकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

**फर्जी दस्तावेज और गलत बयानी का आरोप...**जांच में यह भी सामने आया है कि निवेशकों को गुमराह करने के लिए फर्जी कागजात, गलत प्रोजेक्ट डिटेल और भ्रामक प्रेजेंटेशन का इस्तेमाल किया गया। पुलिस और अन्य एजेंसियों ने मामले में कई FIR दर्ज कर ली हैं और धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसी धाराओं में जांच चल रही है।

**नेटवर्क की भी जांच...**अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है। पूरे नेटवर्क, पार्टनर्स और फंड मूवमेंट की जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं।

**निवेशकों में आक्रोश...**घोटाले के खुलासे के बाद निवेशकों में भारी नाराजगी है। पीड़ितों की मांग है कि उनकी रकम जल्द से जल्द रिकवर कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# YPO पंजाब के नेतृत्व में उद्यमियों का संसद भवन दौरा, नीति-निर्माण को करीब से समझने का मिला अवसर







नई दिल्ली, यूटर्न, 08 फरवरी। यंग प्रेसिडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (YPO) पंजाब के तत्वावधान में पंजाब के प्रमुख उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने भारत की संसद का विशेष दौरा किया। इस शैक्षणिक और प्रेरणादायी यात्रा का उद्देश्य उद्यमियों को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक विरासत और नीति-निर्माण की प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना रहा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल को नए और पुराने दोनों संसद भवनों को नजदीक से देखने का अवसर मिला।

दौरे का प्रमुख आकर्षण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हुई विशेष बैठक रही, जिसमें उद्यमियों ने उद्योग, इनोवेशन और आर्थिक विकास से जुड़े अपने विचार साझा किए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इसे सम्मान और गर्व का क्षण बताया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से हुई मुलाकात भी बेहद प्रेरणादायक रही। बैठक कक्ष में हुई इस संवाद ने न केवल युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि सरकार के उद्योग-समर्थक और सहयोगी दृष्टिकोण के स्पष्ट संकेत भी दिए।



संसद भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रेल राज्य मंत्री एवं सांसद रवनीत सिंह बिट्टू, लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू तथा पुरी से सांसद एवं पर्यटन समिति के चेयरमैन संबित पात्रा से भी मुलाकात कर उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल को लोकसभा और राज्यसभा की लाइव कार्यवाही देखने का अवसर मिला। विशेष आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा में दिया गया संबोधन रहा, जिससे सदस्यों को संसदीय प्रक्रिया और नीति-निर्माण की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। कुल मिलाकर PO पंजाब का यह संसद दौरा उद्यमियों के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को करीब से जानने और सरकार व उद्योग जगत के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# विधायक बग्गा ने वार्ड नंबर 89 में सड़क निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तरी से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 89 के अंतर्गत छावनी मोहल्ला में नई सड़कों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद अमन बग्गा, लाला सुरिंदर अटवाल, प्रदीप नागर, बादशाह, अवतार मलिक, पाली मलिक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक बग्गा ने बताया कि इन सड़कों की हालत बेहद जर्जर थी और पिछली सरकारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन सुगम होगा, वहीं क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार आम लोगों की अपनी सरकार है, जो बुनियादी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गौरव गौतम



पंचकूला, यूटर्न, 08 फरवरी। तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक एवं सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन वार्ड नंबर 13 के भाजपा नेता विपिन लिड्डू ने हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात कर ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, पंचकूला में आयोजित हो रहे तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई योजनाएं चला रही है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं तथा खेल स्टेडियमों को आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में भी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विपिन लिड्डू ने खेल मंत्री को बताया कि वे पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें खिलाड़ियों को लगभग 5 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही हैं और खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को खेला जाएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 शहर के नामी कारोबारी परिवार में जमीन को...

# रायपुर खुर्द के नाले में संदिग्ध मांस मिलने से मचा हड़कंप, आप नेता शादाब राठी का नगर निगम पर तीखा हमला, विजिलेंस जांच की मांग









चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। बीती शाम शनिवार को चंडीगढ़ के रायपुर खुर्द क्षेत्र के पास एक नाले में संदिग्ध मांस मिलने की घटना से शहर में भारी आक्रोश फैल गया है। शनिवार को सामने आई इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि गौ रक्षक संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं को भी झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता शादाब राठी ने चंडीगढ़ नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए गौ माता के साथ सौतेले व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया है।

शादाब राठी ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि चंडीगढ़ में लगातार गौवंश से जुड़ी लापरवाही और असंवेदनशीलता के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी मलोया गौशाला, कभी मक्खन माजरा और अब रायपुर कलां के नाले में संदिग्ध मांस मिलना यह दर्शाता है कि नगर निगम और संबंधित विभाग गौवंश की सुरक्षा और सम्मान को लेकर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

आप नेता ने कहा कि इस घटना से शहरवासियों की धार्मिक भावनाएं बुरी तरह आहत हुई हैं और लोगों में भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की ढीली कार्यप्रणाली और निगरानी की कमी के चलते ऐसी घटनाएं बार-बार दोहराई जा रही हैं। घटना की जानकारी सामने आने के बाद रविवार को शहरवासियों और विभिन्न गौ रक्षक संगठनों को सूचित किया गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में गौ रक्षक मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया। शादाब राठी ने इस पूरे मामले में विजिलेंस जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि गौवंश की सुरक्षा को लेकर ठोस नीति बनाई जाए और शहर में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

# सेक्टर-34 पुलिस ने चोरी मामले में सात नाबालिग को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़/यूटर्न/8 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने चोरी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात नाबालिगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की वुमन एसएसपी के निर्देशों पर, एसपी सिटी की निगरानी तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर और थाना प्रभारी सेक्टर-34 इंस्पेक्टर सतिंदर कुमार के नेतृत्व में की गई।

थाना सेक्टर-34 पुलिस टीम ने एफआईआर नंबर 21 दिनांक 07.02.2026, धारा 305, 331(4) व 317(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए सात नाबालिग आरोपियों को दबोच लिया।

## चोरी का सामान बरामद

पुलिस ने नाबालिगों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है, जिसमें

- वायरलेस स्पीकर
- यू एंड आई कंपनी का वायरलेस स्पीकर
- 3 जोड़ी जूते
- 1 आई-फोन
- 1 इलेक्ट्रिक वाटर हीटिंग रॉड
- 2 जोड़ी पंजाबी जुत्तियां शामिल हैं।

यह मामला सुरजीत सिंह आनंद, की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सेक्टर-34सी में स्थित आनंद इलेक्ट्रॉनिक्स (दुकान नंबर-142) के नाम से इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान

## चोरी का सामान बरामद

चलाता है।

शिकायत के अनुसार 3 फरवरी 2026 को दुकान बंद कर घर जाने के बाद, 4 फरवरी 2026 की सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो उसकी दुकान सहित पास की तीन अन्य दुकानों के ताले टूटे हुए मिले। दुकानों से कई कीमती सामान चोरी हो चुके थे।

बाद में मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें सामने आया कि 4 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे से 5 बजे के बीच 6-7 लड़कों ने दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## जांच में हुआ खुलासा

एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और अन्य दुकानदारों के बयान भी दर्ज किए गए। जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सात नाबालिगों की पहचान कर उन्हें काबू कर लिया।पुलिस के अनुसार सभी नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, चंडीगढ़ के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें ऑब्जर्वेशन होम, सेक्टर-25, चंडीगढ़ भेज दिया गया है।पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि नाबालिग किसी बड़े गिरोह से जुड़े थे या नहीं।

# फरीदाबाद में इनकम टैक्स का बड़ा शिकंजा, चौथे दिन भी जारी छापेमारी, सोना जब्त और खातों पर रोक




फरीदाबाद, यूटर्न, 08 फरवरी। शहर में आयकर विभाग की कार्रवाई अब व्यापक आर्थिक नेटवर्क की जांच का रूप लेती जा रही है। लगातार चौथे दिन भी इनकम टैक्स की टीमें फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन में जुटी रहीं। अब तक की कार्रवाई में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया गया है, जबकि संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े कई बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार यह अभियान केवल संपत्ति जब्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे संगठित वित्तीय लेन-देन प्रणाली की परतें खोलने की कोशिश की जा रही है। ग्रेटर फरीदाबाद, सेक्टर-12 स्थित ओजोन पार्क, सेक्टर-21 की सिक्योरिटी एजेंसी, रियल एस्टेट समूहों और शिक्षण संस्थानों सहित लगभग 50 स्थानों पर एक साथ तलाशी ली जा रही है।

## डिजिटल नेटवर्क की जांच पर जोर

कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डेटा, मोबाइल, हार्ड डिस्क और बैंक रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अब जांच का मुख्य फोकस डिजिटल ट्रेल पर है, ताकि पैसों के मूवमेंट और बेनामी लेन-देन की कड़ियां जोड़ी जा सकें। फोरेंसिक टीम इन रिकॉर्ड्स का तकनीकी विश्लेषण कर रही है।

## शिक्षा और रियल एस्टेट सेक्टर पर नजर

जांच में शिक्षा शुल्क, जमीन सौदों और निर्माण परियोजनाओं से जुड़े कई दस्तावेज सामने आए हैं। आशंका है कि कुछ संस्थानों में वास्तविक आय और घोषित आय के बीच बड़ा अंतर हो सकता है। इसी वजह से विभाग इन सेक्टरों को हाई रिस्क जोन मानकर जांच आगे बढ़ा रहा है।

## नेटवर्क टूटने की तैयारी

अधिकारियों का मानना है कि यह कार्रवाई सिर्फ व्यक्तिगत मामलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे फाइनेंशियल नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में कदम है। जांच पूरी होने के बाद टैक्स रिकवरी, पेनल्टी और कानूनी कार्रवाई संभव है। फिलहाल आयकर विभाग ने साफ कर दिया है कि जब तक सभी लेन-देन की परतें नहीं खुलतीं, तब तक फरीदाबाद में यह अभियान जारी रहेगा।

# अखंड महायज्ञ में आहुतियां डालने से होगी व्यापार वृद्धि : राजेश ढांडा

## डिप्टी कमिश्नर हिमांशू जैन परिवार सहित डालेंगे यज्ञ में आहुतिया, 11 से 21 फरवरी तक महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में मां बगलामुखी धाम में आयोजित होगा यज्ञ






लुधियाना, यूटर्न, 08 फरवरी। मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड में 11 फरवरी से 21 फरवरी तक महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में आयोजित होने वाले 243 घंटे का अखंड महायज्ञ में शामिल होने के लिए डिप्टी कमिश्नर हिमांशू जैंन ,एडिशनल कमीश्नर विनित शर्मा, इस्कान जनपथ के उपचैयरमैन राजेश ढांडा को निमंत्रण पत्र सेवकों ने भेंट किए। डिप्टी कमिशनर हिमांशू अग्रवाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा मेरा अहोभाज्य है कि वह परिवार सहित आखंड यज्ञ में आहतियां डालेंगे। प्रशासन की तरफ से आखंड यज्ञ स्थल पर सुरक्षा सहित अन्य प्रबंध प्रशासन की तरफ से करने का भरोसा दिलाया। उन्होने यज्ञ के धार्मिक व वैज्ञानिक महत्व से अवगत करवाते हुए हिमांशू जैन ने कहा मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ आहुतियां डालने से जहां मन की शुद्धि होती है। वहीं दूषित वातावरण शुद्ध होने से मानव जीनव में बीमारियो से छुटकारा मिलता है। राजेश ढांडा ने 243 घंटे का अखंड महायज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा लगातार 243 घंटे तक यज्ञ करने से लुधियाना की पवित्र होगी। वहीं यज्ञ में आहुतियां डालने से व्यापार में बढ़ौतरी होती है। घर परिवार में स्मृध्दियो का प्रवेश होता है। इससे पूर्व सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, दिनेश रल्ली, वरूण जैन,प्रशोतम चौधरी,बौवी मक्कड,गुनीत खेड़ा,गौतम सचदेवा,नरेन्द्र महाजन,राज सोंलकी,गौरव कालिया,परमवीर सिंह,अर्जुन होरा,चेतन टंडन,इकबाल सिंह,वरुण दत्त,अजय जैन, राहुल ने लुधियाना के धार्मिक, सामजिक, राजनिति व व्यपारिक संगठनो के प्रतिनिधियो सहित अन्य गणमान्य शख्शियतो को आंखड यज्ञ निमंत्रण भेंट किए।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Burden of Proof: सच साबित करने की ज़िम्मेदारी किस पर होती है?**

कानूनी मामलों में अक्सर कहा जाता है—'सबूत दो।' यहीं से एक महत्वपूर्ण सिद्धांत शुरू होता है, जिसे Burden of Proof कहा जाता है। इसका सीधा अर्थ है—किस पक्ष पर यह ज़िम्मेदारी है कि वह अपने दावे को प्रमाणों के साथ साबित करे।

सामान्य नियम यह है कि जो आरोप लगाता है, वही उसे साबित करता है। आपराधिक मामलों में यह ज़िम्मेदारी आम तौर पर अभियोजन पक्ष पर होती है। आरोपी को निर्दोष मानकर चला जाता है, जब तक कि उसके खिलाफ आरोप ठोस सबूतों से सिद्ध न कर दिए जाएँ। यही कारण है कि केवल संदेह या शक के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती।

सिविल मामलों में Burden of Proof का स्वरूप थोड़ा अलग होता है। यहाँ जिस पक्ष का दावा ज्यादा मजबूत और संभावनाओं के तराजू पर भारी पड़ता है, उसे राहत मिलती है। कई बार यह ज़िम्मेदारी एक पक्ष से दूसरे पक्ष में स्थानांतरित भी हो जाती है—जब शुरूआती तथ्य सिद्ध कर दिए जाएँ।

यह समझना जरूरी है कि Burden of Proof का मतलब यह नहीं कि हर बात सौ प्रतिशत साबित करनी होगी। कानून परिस्थितियों, दस्तावेजों, आचरण और तार्किक निष्कर्षों को साथ देखकर निर्णय करता है। लेकिन बिना किसी ठोस आधार के केवल आरोप लगाना काफी नहीं होता। Burden of Proof न्यायिक संतुलन बनाए रखने का माध्यम है। यह सुनिश्चित करता है कि किसी व्यक्ति को केवल आरोप के आधार पर दोषी न ठहराया जाए और न्याय प्रमाणों पर टिका रहे, भावनाओं पर नहीं।

निष्कर्ष: Burden of Proof न्याय की रीढ़ है। जो कहता है, उसे दिखाना भी पड़ता है। कानून में आरोप से ज्यादा महत्व प्रमाण का है—क्योंकि बिना सबूत, न्याय केवल दावा बनकर रह जाता है।

## रूह से रूबरू

### स्वार्थ की दुनिया में कुछ बदलाव चाहिए।


चारु नागपाल

### नि:स्वार्थ

आज के समय में दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। इस बदलती दुनिया में लोग अपने काम, पैसे और सफलता के पीछे इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे दूसरों के बारे में कम सोचते हैं। कई लोग केवल अपने फायदे के लिए काम करते हैं। वे यह नहीं देखते कि उनके काम से किसी दूसरे को परेशानी हो सकती है। इसी कारण ऐसा महसूस होता है कि आज दुनिया में स्वार्थ बढ़ता जा रहा है। स्वार्थ की भावना समाजमें दूरी और असमानता पैदा करती है। जब हर व्यक्ति केवल अपने बारे में सोचता है, तो आपसी विश्वास और प्रेम कम हो जाता है। इससे समाज कमजोर हो जाता है।

इसलिए आज समाज को निस्वार्थ लोगों की बहुत आवश्यकता है। निस्वार्थ व्यक्ति वह होता है जो बिना किसी लाभ की इच्छा के दूसरों की मदद करता है। ऐसे लोग समाज में भाईचारा, प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। अगर हर व्यक्ति थोड़ा-सा भी निस्वार्थ बन जाए, तो समाज में बहुत बड़ा बदलाव आ सकता है। इसलिए हमें स्वार्थ छोड़कर निस्वार्थता को अपनाना चाहिए। इससे समाज मजबूत बनेगा और सभी लोग खुशहाल जीवन जी सकेंगे।

# श्री राम शरणम सत्संग: राम नाम की अनुपम शक्ति : संत अश्विनी बेदी


संत अश्वनी बेदी जी


युवा संत रमणीक बेदी जी


संयम भल्ला भजन गाते हुए।


माँ रेखा बेदी जी


सुदर्शन जैन


शुचिता दुग्गल


गुलाब राये


वरिंदर जैन


राजन कपूर



लुधियाना, यूटर्न, 08 फरवरी। श्री राम पार्क में श्री राम शरणम के साप्ताहिक सत्संग के अवसर पर संत अश्वनी बेदी जी ने परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज की वाणी को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करते हुए कहा कि राम नाम एक महान आध्यात्मिक शक्ति है। उन्होंने बताया कि राम नाम की साधना तीन स्तरों पर होती है—जाप, सिमरन और ध्यान। जाप साधना की प्रथम सीढ़ी है, जिसमें राम नाम का बार-बार उच्चारण किया जाता है। वैखरी जाप से वातावरण शुद्ध होता है, उपांशु जाप से मन एकाग्र होता है और मानसिक जाप को सर्वोत्तम माना गया है। सिमरन एक भाव है, जिसमें व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों के बीच भी ईश्वर का स्मरण करता रहता है। इससे अहंकार का नाश होता है और साधक संसार में रहते हुए भी निर्लिप्त रहता है। ध्यान साधना की उच्चतम अवस्था है, जहाँ साधक राम नाम में लीन होकर आत्मिक शांति और आनंद का अनुभव करता है। स्वामी सत्यानंद जी महाराज के अनुसार राम नाम ह्यतारक मंत्रह्न है, जो भवसागर से पार लगाने वाला है। यह मानसिक शांति प्रदान करता है, पापों का नाश करता है और अंतिम समय में मोक्ष का मार्ग खोलता है। सत्संग में माँ रेखा बेदी, आशिमा बेदी, रमणीक बेदी, संयम भल्ला, राजन कपूर, रामेश्वर गुप्ता, सुदर्शन जैन, मंजू गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विकसित भारत की ओर बड़ा कदमः डेराबस्सी में विकसित भारत जी राम जी योजना की गूंज

डेराबस्सी, यूटर्न, 08 फरवरी। विकसित भारत के संकल्प को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी पंजाब ने रविवार को डेराबस्सी के गांव बिजनपुर में विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर भव्य जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम रैली में तब्दील हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब भाजपा के कार्यकारी



प्रधान अश्वनी शर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा मोहाली के जिला प्रधान संजीव वशिष्ट, प्रदेश सचिव संजीव खन्ना, महारानी परनीत कौर, एसएमएस संधू, गुरदर्शन सिंह सैनी, मनप्रीत सिंह बन्नी संधू और रविंद्र वैष्णव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत जी राम जी का उद्देश्य हर गरीब परिवार को सुनिश्चित रोजगार और सम्मानजनक आजीविका देना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जबकि वन क्षेत्रों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन अतिरिक्त, यानी कुल 150 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा। संजीव खन्ना ने कहा कि यह योजना महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है और आधुनिक भारत की बदलती जरूरतों के अनुसार तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि जहां पहले नकद भुगतान में भ्रष्टाचार की आशंका रहती थी, वहीं अब पूरी तरह कैशलेस व्यवस्था लागू कर मजदूरों का पारिश्रमिक सीधे उनके बैंक खातों में समय पर जमा होगा, जिससे पारदर्शिता और भरोसा दोनों मजबूत होंगे।

# निरंकारी मिशन के कैंप में 170 लोगों ने किया रक्त दान

डेराबस्सी, यूटर्न, 08 फरवरी। निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पवित्र आशीर्वाद से, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के नेतृत्व में संत निरंकारी सत्संग भवन, समगौली में रक्त दान शिविर लगाया गया, जिसमें कुल 170 श्रद्धालुओं ने रक्त दान किया। कैंप का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी जी ने स्थानीय मुखी मास्टर गुरनाम सिंह जी और अन्य गणमानीय व्यक्तियों के साथ किया।



इस मौके पर श्री ओ.पी. निरंकारी जी ने रक्त दानियों द्वारा इंसानियत के लिए किए गए शानदार कामों के लिए सतगुरु माता सुदीक्षा जी से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य मकसद बाबा हरदेव सिंह जी के शब्दों, ₹मानव को मानव हो प्यारा, एक दूजे का बने सहारा₹ को ज़िंदा करना है। 1986 से अब तक संत निरंकारी मिशन द्वारा लगाए गए करीब 9000 शिविरों में करीब 1.5 मिलियन यूनिट रक्त दान किया जा चुका है। इस बारे में उन्होंने बताया कि साल 2025-26 के दौरान चंडीगढ़ जोन में करीब 20 रक्त दान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें करीब 3000 भक्त रक्त दान करेंगे।

आज के मौजूदा हालात में भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश ₹रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए₹ को अपनाकर लोगों को इंसानियत को बचाने के लिए जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। समगौली ब्रांच के मुखी मास्टर गुरनाम सिंह जी ने जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी जी, विशेष रूप से पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों, अलग अलग ब्रांचों के मुखियों, आस-पास के इलाकों से आए भक्तों और खास तौर पर सभी रक्त दानियों और गवर्नमेंट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 16, चंडीगढ़ से डॉ. नितिका सूर्या के नेतृत्व में आई 11 सदसीय टीम और गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सेक्टर 32, चंडीगढ़ की डा. रवनीत कौर के नेतृत्व वाली 17 सदस्यीय टीम का शिविर में पहुंचने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता जी का संदेश है कि ₹रक्त दान से खून के रिश्ते बनते हैं।₹ रक्त दान सिर्फ.एक सामाजिक काम नहीं है, बल्कि इंसानियत का एक पवित्र गुण है जो योगदान की भावना को दर्शाता है। शिविर का आयोजन सेवादल के वॉलंटियर्स ने संचालक काका सिंह की देखरेख में किया।






# कालका-शिमला हाईवे पर एनएचएआई की लापरवाही, जेसीबी से होटल की पानी की पाइपलाइन टूटी, सड़क पर बहा पानी





जीरकपुर, यूटर्न, 08 फरवरी। कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर करियर लाइट प्वाइंट के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एनएचएआई की जेसीबी मशीन ने कार्य के दौरान एक निजी होटल की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी। पाइपलाइन टूटते ही तेज दबाव के साथ पानी सड़क पर फैल गया, जिससे लगभग 500 मीटर तक हाईवे पानी से लबालब हो गया। बिना बारिश के ही सड़क पर कीचड़ जैसे हालात बन गए, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जेसीबी मशीन द्वारा लापरवाहीपूर्वक खुदाई की जा रही थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व जांच और आवश्यक सावधानी के कार्य किया गया, जिसके कारण भूमिगत पानी की पाइपलाइन टूट गई। लोगों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग द्वारा पहले से क्षेत्र में मौजूद भूमिगत लाइनों की जानकारी ली जाती, तो इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता था। स्थानीय निवासियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि एक ओर नगर परिषद और संबंधित विभागों द्वारा विकास कार्यों में पहले ही देरी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही आम जनता की समस्याएं और बढ़ा रही है। रविवार होने के बावजूद शाम के समय जलापूर्ति होती है और ठीक उसी दौरान पाइपलाइन टूटने से न केवल भारी मात्रा में पानी बर्बाद हुआ, बल्कि आसपास के कई घरों और होटल की जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। उल्लेखनीय है कि कालका-शिमला हाईवे पर हाल ही में सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया था। अब सड़क पर जमा पानी और कीचड़ के कारण नई बनी सड़क के क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई जा रही है। लगातार पानी बहने से डामर की परत कमजोर पड़ सकती है, जिससे भविष्य में गड्ढे पड़ने और सड़क धंसने का खतरा बढ़ सकता है।




## लुधियाना में बढ़ते जमीनों के रेट से डगमगाने लगे लोगों के पांव

# शहर के नामी कारोबारी परिवार में जमीन को लेकर विवाद शुरू, कई राजनेता भी शामिल

लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। शहर में खासकर साउथ सिटी रोड पर जमीनों के रेट बढ़ने के कारण लगातार जमीनीं विवाद सामने आ रहे हैं। अब हालात यह है कि इन बढ़ते जमीनीं दामों के लालच में आए परिवारों में भी विवाद होने शुरू हो चुके हैं।

ताजा मामला शहर के नामी कारोबारी घराने का सामने आया है। दरअसल, नामी फर्म मुकेश स्टील के परिवार में जमीन को लेकर काटो कलेश शुरू होने की चचाएं हैं। चर्चा है कि मुकेश स्टील फर्म परिवार में जमीन की हिस्सेदारी को लेकर विवाद हो गया है।

जिसके चलते यह मामला माननीय कोर्ट तक भी पहुंच चुका है। जिसके कुछ पारिवारिक मेंबरों द्वारा दूसरे मेंबर्स पर हिस्सा न देने और जमीन का कुछ हिस्सा बेचकर पैसे न देने के आरोप लगाए हैं। मुकेश स्टील परिवार के दीपक गुप्ता ने इस संबंधी परिवार की सभी जमीनों पर बोर्ड लगवा दिए हैं। जिस पर लिखा है कि इन जमीनों के कोर्ट केस चल रहे हैं। जिसके चलते इसे कोई न खरीदें। चचाएं हैं कि इस मामले में कई राजनेता भी शामिल हैं।




### राजनेताओं की परिवार को शह

दीपक गुप्ता का आरोप है कि शहर के 1-2 बड़े राजनेता हैं। जिनकी उनके परिवार को शह है। उक्त राजनेताओं द्वारा ही बड़ा हेरफेर करवाया जा रहा है। वहीं इस मामले में रघुनाथ अस्पताल की ट्रस्ट के प्रधान और श्री दुर्गा माता मंदिर के ट्रस्टी भी शामिल हैं।

### जमीन खरीदने वाला खुद होगा जिम्मेदार

दीपक ने कहा कि उक्त दोनों जमीनों का कोर्ट केस चल रहा है। ऐसे में उनकी शहर वासियों से अपील है कि उन जमीनों को न खरीदे। अगर कोई जमीन खरीदेगा, तो वह खुद इसका जिम्मेदार होगा। इसके लिए उन्होंने बकायदा वहां बोर्ड भी लगा दिया है।

### जैनपुर व मलकपुर में मौजूद है जमींन

जानकारी देते हुए दीपक गुप्ता ने बताया कि उनके पारिवारिक जमीन जैनपुर व मलकपुर में स्थित है। जिसकी कीमत कई करोड़ रुपए हैं। उनकी जैनपुर में कूड़े वाले डंर के पास चार एकड़ जमीन है, जबकि मलकपुर में ईस्टनवुड और वॉलकिन हाइट्स के पास 12 एकड़ जमीन है।

### आपसी मिलीभगत से हेरफेर के आरोप

दीपक गुप्ता का आरोप है कि इस जमीन में उनकी, भाइयों व पारिवारिक मेंबरों की हिस्सेदारी है। लेकिन बढ़ते जमीनों के रेट की वजह से बाकी मेंबर्स उन्हें हिस्सा नहीं दे रहे। जबकि उन्हें पता चला कि मेंबर्स द्वारा कुछ हिस्सा बेच भी दिया गया है। मगर उन्हें उनके हिस्से की पेमेंट नहीं दी गई।

## अनपढ़ अधिकारी व अंधा सिस्टम, लुधियाना में आपका स्वागत है, के लगे शहर में पोस्टर




लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना शहर में बहादुरके रोड पर अनपढ़ अधिकारी व अंधा सिस्टम, लुधियाना शहर में आपका स्वागत के पोस्टर देखने को मिले हैं। किसी व्यक्ति द्वारा यह पोस्टर दिशा सूचना बोर्ड पर लगाए गए हैं। लेकिन इस तरह के बोर्ड देखकर सभी हैरान है। लेकिन अब यह चचाएं छिड़ गई है कि आखिर किस व्यक्ति द्वारा यह पोस्टर लगाए गए हैं और इसके पीछे क्या कारण है। बोर्ड में सीधे तौर पर सिस्टम और सिस्टम चलाने वाले अधिकारियों को निशाना बनाया गया है। हालांकि इस बोर्ड की सोशल मीडिया पर तेजी से वीडियोज व फोटोज वायरल हो रही हैं। प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेने की जरुरत है। बता दें कि लुधियाना के बहादुरके रोड पर सूचना बोर्ड पर यह पोस्टर लगाए गए हैं।

## लुधियाना पैरागॉन वॉटरफ्रंट में बार्क एंड स्वैगर शो आयोजित









लुधियाना/यूटर्न/8 फरवरी। लुधियाना के प्रमुख लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन पेरागॉन वॉटरफ्रंट में बार्क एंड स्वैगर शो ने पालतू जानवरों, उनके पेट पैरेंट्स और पशु प्रेमियों को एक साथ जोड़ दिया। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और आयोजन वेट्स फॉर पेट्स के संस्थापक डॉ. जसप्रीत मौज और डॉ. अमन मौज द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जिम्मेदार पालतू डॉग्स कैट्स के प्रति जागरूकता फैलाना भी रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉग और कैट फैशन शो रहा, जिसमें पालतू डॉग्स ने अपने मालिकों के साथ रैंप वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। फैशन शो के दौरान बेस्ट ड्रेस्ड पेट, बेस्ट मैचिंग आउटफिट, मोस्ट स्टाइलिश पेट, क्यूटेस्ट पेट, मोस्ट कॉन्फिडेंट वॉक, स्टार परफॉर्मर और क्राउड फेवरेट जैसी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए।इस शो की एंट्री बिल्कुल फ्री रही क्योंकि इस आयोजन को पशु कल्याण हेतु फंडरेजर के रूप में भी आयोजित किया गया। डॉ. जसप्रीत मौज और डॉ. अमन मौज ने इसे मुख्य प्रायोजक के रूप में समर्थन दिया। कार्यक्रम में ओज्मो जिम और एकटेक ग्लोबल सहयोगी रहे, पेनुम्ब्रा जनसंपर्क साझेदार, पॉफि लिया सहयोगी साझेदार तथा हेड्स अप फॉर टेल्स उपहार साझेदार रहे।



## विश्रांति सिटी व माउंट कैलाश सोसाइटी में मुख्यमंत्री सेहत योजना कैंप आयोजित



जीरकपुर, यूटर्न, 08 फरवरी। पंजाब सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत रविवार को विश्रांति सिटी और माउंट कैलाश सोसाइटी में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और योजना का लाभ उठाया। हल्का डेराबस्सी से विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में वार्ड इंचार्ज 17 मनीष कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके सहयोग से करीब 70 लोगों के हेल्थ कार्ड मौके पर ही बनवाए गए। इस अवसर पर बिरेंदर सिंह, राजिंदर शर्मा, मनीष कुमार (वार्ड इंचार्ज 17), तारा सिंह, प्रेम सिंह, कमलजीत सिंह और अमन जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने लोगों को योजना के बारे में जागरूक किया और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके। कैंप के दौरान लोगों में योजना को लेकर उत्साह देखने को मिला और आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कैंप जारी रखने का आश्वासन दिया।

यूटर्न टाइम

# परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर का लुधियाना बस अड्डे पर औचक निरीक्षण, यात्रियों से लिया फीडबैक

लुधियाना, यूटर्न, 8 फरवरी। पंजाब के बस अड्डों की सूरत बदलने और यात्रियों की सुविधाएं बेहतर करने के उद्देश्य से पंजाब के परिवहन मंत्री श्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शनिवार को अमर शहीद सुखदेव अंतरराज्यीय बस अड्डा, लुधियाना का अचानक दौरा कर निरीक्षण किया। मंत्री के अचानक पहुंचने से यात्रियों, ड्राइवरों और कंडक्टरों में हलचल मच गई।

मंत्री भुल्लर ने बस स्टैंड पर मौजूद दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें यात्रियों को ताजा और स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी यात्रा के दौरान आने वाली समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बस अड्डे की वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया।



परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को बस अड्डे पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजाना सफाई सुनिश्चित की जाए और यात्रियों को साफ-सुथरा वातावरण मिले।

भुल्लर ने पंजाब भर के सभी बस अड्डों के जनरल मैनेजरों को निर्देश दिए कि बस अड्डों को गंदगी मुक्त रखा जाए और सेवा वितरण समयबद्ध व प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जनता से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की।

# घर से करीब 150 करोड़ की हेरोइन बरामद, पुलिस और BSF ने 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन और 60 कारतूस बरामद किए

अमृतसर/यूटर्न/8 फरवरी। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक स्थित गांव घोगा से नशा तस्करी का मामला सामने आया है। अमृतसर देहाती पुलिस और सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत एक घर से पाकिस्तान से आई भारी मात्रा में हेरोइन और हथियार बरामद किए हैं। बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 125 करोड़ रुपय आंकी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों को सीमा क्षेत्र में नशा और हथियारों की तस्करी से जुड़ी



पुख्ता सूचना मिली थी। इसी आधार पर अमृतसर देहाती पुलिस और बीएसएफ ने गांव घोगा में एक संदिग्ध घर पर संयुक्त रूप से छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के अंदर से कुल 25 किलोग्राम वजन से अधिक हेरोइन बरामद की गई।

## पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी की आशंका

इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस को 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन और 60 जिंदा कारतूस भी मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह पूरा जखीरा पाकिस्तान से ड्रोन या अन्य माध्यमों के जरिए सीमा पार से भेजा गया था, जिसे आगे पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने मामला दर्ज कर पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस घर का मालिक कौन है और इस तस्करी नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में अंतरराष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ढकोली में तेज रफ्तार कार की टक्कर से पांच वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल, चालक पर मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 08 फरवरी। बसंत विहार फेज-3 में 31 जनवरी की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पांच वर्षीय मासूम अनन्या खुसवाहा गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के पिता संतोष कुमार खुसवाहा द्वारा दर्ज कराए गए बयान के अनुसार, यह हादसा शाम करीब 7:30 बजे उस समय हुआ, जब अनन्या अपने मित्र के घर खेलने जा रही थी।

आरोप है कि मंडी की ओर से तेज गति से आ रही सफेद रंग की कार (नंबर ल्फ 13ङ-9320), जिसकी हेडलाइटें बंद थीं, ने पीछे से बच्ची को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद कार बच्ची के पैरों के ऊपर चढ़ गई और चालक ने वाहन पीछे करते हुए दोबारा उसके पैरों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में अनन्या के दोनों पैर गंभीर रूप से टूट गए।

घायल अवस्था में बच्ची को पहले ढकोली के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जीएमसीएच सेक्टर-32, चंडीगढ़ रेफर किया गया। अस्पताल में उसका ऑपरेशन किया गया और 3 फरवरी 2026 को उसे छुट्टी दे दी गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद आरोपी पक्ष के परिजनों द्वारा उन्हें धमकियां दी गईं। मामले में समझौता कराने का प्रयास भी किया गया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी।

पुलिस थाना ढकोली में 7 फरवरी 2026 को दर्ज बयान के आधार पर आरोपी नीतीश वर्मा पुत्र कुलदीप वर्मा, निवासी फ्लैट नंबर 34-सी, बसंत विहार फेज-2, ढकोली के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 281, 125(ए), 125(बी) एवं 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# मानवता की मिसाल: कर भला हो भला टीम ने 65 परिवारों को दिया राशन



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/8 फरवरी। शहर में समाज सेवा का पर्याय बन चुकी कर भला हो भला सोसाइटी ने रविवार को एक बार फिर मानवता की सेवा में एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अरोड़ा प्रॉपर्टी एडवाइजर के कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संस्था ने 65 जरूरतमंद परिवारों को एक महीने का राशन वितरित किया। संस्था के चेयरमैन रोहित अरोड़ा ने बताया कि यह वर्ष 2026 का उनका 13वां बड़ा प्रोजेक्ट है। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि संस्था पिछले 68 महीनों से बिना रुके, हर महीने जरूरतमंद परिवारों को राशन मुहैया करवा रही है। इस मुहिम का एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का कोई भी परिवार भूखा न सोए और उन्हें दैनिक जीवन में राहत मिल सके। इस पुनीत कार्य में संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन रोहित अरोड़ा, सरपरस्त सुनील बजाज, प्रधान विशाल शर्मा, कैशियर नीरज कटारिया, पीआरओ ननेश गांधी, सचिव कंवल कक्कड़, वाइस चेयरमैन मदन लाल अरोड़ा, वाइस प्रेसिडेंट राहुल, शुभम अरोड़ा, शुभांश, राजन बजाज, मोहित जैन और मनोज शामिल हुए।

# 1 मार्च को जीरकपुर में होगा होली मिलन परिवार समारोह भारी उत्साह-कृष्ण गर्ग



अग्रवाल वैश्य समाज

जीरकपुर /यूटर्न/8 फरवरी। जीरकपुर के अध्यक्ष कृष्ण गर्ग कि अध्यक्षता में एक बैठक (मिटिंग) हुई। इस बैठक में जीरकपुर के समाजसेवी लोगों ने काफी सख्या में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। इस बैठक में अग्रवाल वैश्य समाज, जीरकपुर के अध्यक्ष कृष्ण गर्ग ने रविवार, 1 मार्च, 2026 को होली मिलन परिवार समारोहर करवाने का विचार रखा तो इस विषय में सभी सदस्यों ने एक मुश्त से हामी भरी व सहमति जताई। जीरकपुर शहर के प्रसिद्ध समाज सेवी नौरग रॉय अग्रवाल ने कहा कि उनकी समाज के प्रति रुचि व सेवा को देखते हुए सभी सदस्यों को उनके साथ जुडने व निकट भविष्य में सभी प्रकार का सामुहिक व समाजिक साथ देने के लिए भी कहा। उन्होंने भारी संख्या में अग्रवाल वैश्य समाज के साथ जुड़ने के लिए कहा व कहाँ कि हम सभी मिल जुलकर अध्यक्ष कृष्ण गर्ग के साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यो के लिए कधे से कधा मिला कर हमेशा खड़े रहेंगे। पंजाब प्रदेश प्रभारी राजेश अग्रवाल ने उपरोक्त सस्था में ज्यादा से ज्यादा सख्या में सदस्यों को जुड़ो ओर जोड़ो के लिए कहाँ तथा परिवार को बडा करने के भरसक प्रयास करने के लिए भी कहाँ। कृष्ण गर्ग ने कहा कि आगे निकट भविष्य में सभी प्रकार के सामाजिक कार्यो को व 36 बिरादरी कि सेवा करेंगे तथा आगे निकट भविष्य में करते रहेंगे। कृष्ण गर्ग अध्यक्ष के द्वारा अग्रवाल वैश्य समाज, जीरकपुर कि अचानक बैठक (मिटिंग) में पजाब प्रदेश अध्यक्ष अमित जैन, मिठन गर्ग, आनद गुप्ता, सत्तीश गर्ग, विजय गर्ग, जितेंद्र मित्तल, विजय जिदल, लविश कसल, सुभाष सिंगला, अशोक सिंगला, राज कुमार मित्तल, शशि भुषण बसल, मनोहर सिंगला, नरेश मित्तल आदी उपस्थित थे।

# पंजाब में अपराधियों पर 72 घंटे का कड़ा शिकंजा, 'ऑपरेशन प्रहार-2' के तहत गैंगस्टर और नशा तस्कर निशाने पर

अजीत झा.

चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। पंजाब पुलिस ने राज्य में बढ़ते अपराध और नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए एक बार फिर निर्णायक कदम उठाया है। ह्यऑपरेशन प्रहार-2ह्ल के नाम से शुरू की गई इस विशेष मुहिम के तहत अगले 72 घंटे तक पूरे पंजाब में गैंगस्टर्स, ड्रग तस्करों, हवाला नेटवर्क और वांछित अपराधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान की जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य में अपराध के लिए अब कोई जगह नहीं है और जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत हर अपराधी पर कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह किसी भी नेटवर्क से जुड़ा हो। डीजीपी ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में पंजाब पुलिस करीब 75 हजार हेरोइन डिलीवरी नेटवर्क को उजागर कर चुकी है और लगभग 150 किलो हेरोइन जब्त की गई है। इन मामलों में करीब 45 हजार एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि तीन हजार से अधिक बड़े ड्रग सप्लायर्स और हवाला ऑपरेटर्स को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की गंभीरता को दर्शाते हैं।



## सीनियर अफसरों को सौंपी गई कमान

ऑपरेशन प्रहार-2 को प्रभावी बनाने के लिए इस बार पुलिस की कमान सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के हाथ में दी गई है। एसएसपी, डीआईजी और पुलिस कमिश्नर अपने-अपने जिलों में खुद सड़कों पर उतरकर हालात की निगरानी करेंगे। वे न केवल पेट्रोलिंग करेंगे, बल्कि थानों की औचक जांच और संवेदनशील इलाकों का दौरा भी करेंगे।

पुलिस बल को गैर-जरूरी प्रशासनिक ड्यूटी से हटाकर फील्ड ऑपरेशन में लगाया गया है। हर जिले में अत्याधुनिक नाके लगाए जाएंगे और विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की गहन जांच की जाएगी। किसी भी आपराधिक घटना की सूचना मिलते ही संबंधित इलाके को तुरंत सील कर सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

## तकनीक से मजबूत की गई पुलिसिंग

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि वायरलेस और कंट्रोल रूम नेटवर्क को और मजबूत किया गया है। सभी फील्ड स्टाफ को वॉकी-टॉकी सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति में रियल टाइम एक्शन लिया जा सके। इसके साथ ही ऑपरेशन के लिए एक विस्तृत एसओपी जारी की गई है, जिसमें हर स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। डीजीपी ने अफवाहों और फर्जी नैरेटिव्स को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई केवल अपराधियों और वांछित लोगों के खिलाफ है। आम नागरिकों को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब को गैंग कल्चर और नशे से मुक्त करना पुलिस का संकल्प है और कानून तोड़ने वालों को राज्य के किसी भी कोने से पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

# सेक्टर 41-ए के पार्क नंबर 8 में सप्त सिंधु एनजीओ ने चलाया स्वच्छता व पौधारोपण अभियान





चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। रविवार को सेक्टर 41-ए स्थित पार्क नंबर 8 में सप्त सिंधु एनजीओ द्वारा मंडल टीम के सहयोग से स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम अनुशासित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर सप्त सिंधु फाउंडेशन के जश्नप्रीत फंटू अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत सिंह ने शिरकत की और पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पौधारोपण जैसे अभियान शहर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया कन्वीनर रवि रावत, प्रदेश सचिव अमित राणा, जिला अध्यक्ष रेखा सूद, जिला सचिव अमित गंभीर, जिला सोशल मीडिया इंचार्ज सुमित शर्मा, चेरी डोगरा, मंडल प्रधान अविनाश मंडल, मंडल महामंत्री रविंद्र सूद, पूर्व मंडल अध्यक्ष के.सी. राणा, मनी अरोड़ा सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पार्क की साफ-सफाई की गई और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यक्रम लगातार जारी रखे जाएंगे।

## हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने हवलदार शाम सिंह को एएसआई पद पर पदोन्नति पर दी बधाई

लालड़ू, यूटर्न, 08 फरवरी। हल्का विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने अपने साथ दिन-रात पूर्ण निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता से सेवा देने वाले हवलदार शाम सिंह को सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा कि ईश्वर



(वाहिगुरु) शाम सिंह को भविष्य में भी इसी प्रकार परिश्रम, ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण भाव के साथ सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने हवलदार शाम सिंह की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, अनुशासन और प्रतिबद्धता सराहनीय है। हल्का विधायक ने कहा कि जमीनी स्तर पर ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रगति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी बनती है। ऐसे कर्मठ अधिकारियों की पदोन्नति से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होती है।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बाद सियासी भूचाल, पर्दे के पीछे सौदेबाजी के आरोप, आप ने साधा कांग्रेस पर निशाना



चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव संपन्न होने के बाद शहर की राजनीति में उथल-पुथल तेज हो गई है। चुनाव के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस पर पर्दे के पीछे बड़े स्तर पर सौदेबाजी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं कांग्रेस ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए इसे चुनाव हारने की हताशा करार दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आरोप है कि मेयर चुनाव के दौरान कुछ पार्षदों पर दबाव बनाया गया और कुछ को प्रलोभन देकर उनका रुख बदलवाया गया। आप ने इस पूरे घटनाक्रम को 'लोकतंत्र की खरीद-फरोख्त' बताते हुए कहा कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस की राजनीति उजागर हुई थी, अब वैसा ही चेहरा चंडीगढ़ में भी सामने आ रहा है।

इस बीच कांग्रेस के भीतर से भी असंतोष की आवाजें उठने लगी हैं। पार्टी के कुछ नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि आंतरिक राजनीति, टिकट वितरण और समर्थन से जुड़े फैसलों ने कार्यकर्ताओं को निराश किया है। सूत्रों के अनुसार, मेयर चुनाव के दौरान लिए गए कुछ निर्णयों को लेकर पार्टी के भीतर गहरी नाराजगी है। कांग्रेस की ओर से इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा गया है कि आम आदमी पार्टी चुनाव में मिली हार को पचा नहीं पा रही है और इसी हताशा में बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी ने पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से पूरी की है और किसी भी तरह की सौदेबाजी के आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मेयर चुनाव के बाद सामने आए ये आरोप चंडीगढ़ की राजनीति में लंबे समय तक असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका प्रभाव आने वाले नगर निगम और लोकसभा चुनावों की रणनीति और समीकरणों पर भी पड़ सकता है।

# एंटी गैंगस्टर मुहिम के तहत मोहाली पुलिस का व्यापक सर्च व चेकिंग अभियान, 71 स्थानों पर नाकेबंदी

जीरकपुर, यूटर्न, 08 फरवरी। पंजाब में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मोहाली पुलिस ने शनिवार को एंटी गैंगस्टर मुहिम के तहत जिलेभर में व्यापक सर्च और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पूरे जिले में एक साथ 71 स्थानों पर नाकेबंदी कर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। पुलिस की मुस्तैदी के चलते शहर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद दिखाई दी।

एएसपी गजलप्रीत कौर ने बताया कि यह अभियान जिला पुलिस प्रमुख के निर्देशों पर चलाया गया, जिसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों, ट्रैफिक पुलिस तथा सीआईए स्टाफ ने संयुक्त रूप से भाग लिया। प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील इलाकों तथा शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष निगरानी रखी गई।

अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की तलाशी ली, वाहन दस्तावेजों की जांच की तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए रखी।







## बलटाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान

एंटी गैंगस्टर मुहिम के अंतर्गत बलटाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यहां पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की गई। विशेष रूप से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज भी जांचे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान न केवल अपराधियों पर नकेल कसने के लिए आवश्यक हैं, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा के मद्देनजर आगे भी जारी रहेंगे अभियान

एएसपी गजलप्रीत कौर ने संकेत दिए कि आगामी दिनों में भी इस प्रकार के औचक सर्च और चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। विशेष रूप से संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। पुलिस का मानना है कि जनता और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। एंटी गैंगस्टर मुहिम के तहत चलाया गया यह अभियान जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वॉयज ट्रिप प्लानर ने 'विंग्स 2026 राइजिंग टुगेदर' के साथ अपने छह वर्ष पूरे किए

जीरकपुर, यूटर्न, 08 फरवरी। वैश्विक ट्रैवल और टूरिज्म इंडस्ट्री में अग्रणी नाम वॉयज ट्रिप प्लानर ने अपनी छठी वर्षगांठ को अपने वार्षिक प्रमुख आयोजन 'विंग्स 2026 राइजिंग टुगेदर' के साथ भव्य रूप से मनाया। यह अवसर कंपनी की निरंतर प्रगति, नवाचार और ग्राहकों के अटूट विश्वास का एप्रतीक रहा। एक पेशेवर रूप से संचालित ओम्नी-ट्रैवल कंपनी के रूप में वॉयज ट्रिप प्लानर एंड-टू-एंड ट्रैवल सॉल्यूशंस प्रदान करती है। इसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित है, जबकि पंजाब के जीरकपुर में इसका मजबूत ऑपरेशनल बेस है। कंपनी की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति अमेरिका के कैलिफोर्निया, कनाडा के वैंकूवर और ऑस्ट्रेलिया के टारनाइट तक फैली हुई है।

'विंग्स 2026' कार्यक्रम वॉयज ट्रिप प्लानर की स्थापना से लेकर आज एक भरोसेमंद वैश्विक ट्रैवल सॉल्यूशन प्रोवाइडर बनने तक की यात्रा को दर्शाता है।








# नई कनेक्टिविटी से चमकेगा मोहाली, प्रॉपर्टी बाजार में तेजी तय

मोहाली, यूटर्न, 08 फरवरी। मोहाली और न्यू चंडीगढ़ क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में पंजाब सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने श्व्हद सिटी मोहाली और न्यू चंडीगढ़ में नई हॉरिजॉन्टल व अप्रोच सड़कों के निर्माण को लेकर Social Impact Assessment (SIA) नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके तहत करीब 1300 एकड़ क्षेत्र में योजनाबद्ध सड़क विकास किया जाएगा, जो GMADA मास्टर प्लान का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास की रफ्तार तेज होगी। नई सड़कों में प्रमुख रूप से लांडरांझबनूर रोड, न्यू सनी एन्क्लेव से खरड़ तक सीधी कनेक्टिविटी तथा सेक्टर 120 से 125 को बड़ी राहत देने वाली सड़कें शामिल हैं। इससे इंटर-सेक्टर मूवमेंट आसान होगा और जाम की समस्या में कमी आएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जब भी किसी इलाके में इंफ्रास्ट्रक्चर पहले आता है, तो उसके बाद वहां प्रॉपर्टी की कीमतों में तेजी तय मानी जाती है। नई सड़कों से रिहायशी के साथ-साथ कमर्शियल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यालय, शोरूम, मॉल और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए यह इलाका निवेशकों की पहली पसंद बन सकता है।



# सेक्टर-26 पुलिस ने चोरी के मामले का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 3.14 लाख रुपये और स्कूटी बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। चंडीगढ़ के सेक्टर-26 थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई नकदी और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 फरवरी को थाना सेक्टर-26 की पुलिस टीम, जिसमें एएसआई अजय कुमार (नंबर 1877/सीएचजी) एवं अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे, ने एफआईआर नंबर 26 दिनांक 7.2.2026, धारा 305, 317(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सरवन कुमार को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3,14,500 रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त चांदी रंग की स्कूटी (नंबर CH01BU-6529) बरामद की है।

यह मामला चतुर्भुज पुत्र ज्ञानचंद गोयल की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सेक्टर-26 अनाज मंडी में दुकान नंबर 178 पर कन्फेक्शनरी का व्यवसाय करता है। शिकायत के अनुसार 7 फरवरी को सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर से दुकान के लिए निकला था। उसके पास एक सफेद रंग का बैग था, जिसमें 4,20,000 नकद (500 के नोटों में 4,00,000 और 200 के नोटों में 20,000) तथा उसका आधार कार्ड मौजूद था। वह अपनी ओमनी गाड़ी (नंबर HR-68A-3194) को अनाज मंडी में सत्संग भवन के पास खड़ा कर शौचालय के लिए गया। करीब 5 मिनट बाद लौटने पर गाड़ी में रखा बैग गायब मिला।

घटना के बाद थाना सेक्टर-26 में मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद कर ली।पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# CM सैनी ने झूला हादसे पर तलब की रिपोर्ट; घायल को 1 लाख मुआवजे का ऐलान

फरीदाबाद / हरियाणा, यूटर्न, 08 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में शनिवार को हुए दर्दनाक झूला हादसे के बाद तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। हादसे में कई लोग घायल हुए तथा एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हुई है, जिसके चलते राज्य सरकार ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा और कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं, उन्हें प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये का सरकार सहायता पैकेज प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी झूलों, मनोरंजन उपकरणों और मेले के आकर्षण स्थलों की तकनीकी जाँच तुरंत कराकर एक विस्तृत रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। डॉ. जगदीश प्रसाद नामक पुलिस इंस्पेक्टर, जिन्होंने लोगों को बचाने का प्रयास किया, उनकी मौत की खबर ने पूरे प्रशासन और जनता को झकझोर दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार को हर संभव सहायता देने तथा मृतक के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा भी की है। राज्य सरकार ने मेले में लगे सभी मनोरंजक झूलों और उपकरणों का सुरक्षा ऑडिट शुरू कर दिया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया है।



# डॉ. पुष्पिंदर सिंह गिल बने महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति

चंडीगढ़, यूटर्न, 8 फरवरी। पंजाब सरकार ने प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री एवं प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. पुष्पिंदर सिंह गिल को महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी (एमबीएसपीएसयू), पटियाला का कुलपति नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष का होगा। डॉ. गिल के पास शिक्षा, शोध, प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय परामर्श के क्षेत्र में 36 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वे पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से सेवानिवृत्त प्रोफेसर रह चुके हैं और वर्ष 1993 में वहीं से पीएचडी प्राप्त की थी। उन्होंने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में लंबे समय तक सेवाएं दीं। डॉ. गिल ने वर्ष 1999 से 2001 तक अफ्रीका में कोका-कोला कंपनी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में भी कार्य किया। उनकी उपलब्धियों में 84 शोध पत्र, 10 पुस्तकें और 400 से अधिक लेख शामिल हैं। सरकार का मानना है कि डॉ. गिल के नेतृत्व में पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खेल शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगी।



# मां पार्वती को मेहंदी, 14 फरवरी को निकलेगी भोलेनाथ की 39वीं विशाल रथ यात्रा



लुधियाना, यूटर्न, 8 फरवरी। शिवरात्रि महोत्सव कमेटी की ओर से आयोजित 39वीं विशाल शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार 14 फरवरी को निकलने वाली भगवान भोलेनाथ की रथ यात्रा के उपलक्ष्य में बाजवा नगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता लवली थापर, डी.के. अरोड़ा, सुमीर स्याल, वरिंद्र कुमार बिल्लू और टीटू टंडन ने की। इस अवसर पर लवली थापर व डी.के. अरोड़ा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ देवों के देव हैं और उनकी आराधना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नीलकंठ महादेव में भगवान शिव द्वारा विषपान कर संसार को अमृत देने की कथा आज भी मानवता को मार्ग दिखाती है। कमेटी के चेयरमैन सुनील मेहरा व प्रधान संजय गुप्ता ने बताया कि 14 किलोमीटर लंबे शोभा यात्रा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। भगवान भोलेनाथ का रथ गऊघाट मंदिर से बैंड-बाजों के साथ शुरू होकर सर्कुलर रोड, घाटी बाल्मीकि चौक होते हुए दरेसी मैदान रामलीला ग्राउंड पहुंचेगा, जहां भव्य समारोह व संत समाज का सम्मान होगा।

# सेक्टर 33-45 ट्रैफिक लाइट बंद होने पर बुड़ैल गांव में उबाल, ग्रामीणों का प्रदर्शन; मामला सांसद मनीष तिवारी तक पहुंचा







चंडीगढ़, यूटर्न, 08 फरवरी। सेक्टर 33 और सेक्टर 45 के बीच स्थित ट्रैफिक लाइट प्वाइंट को बंद किए जाने के विरोध में गांव बुड़ैल के निवासियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। ट्रैफिक लाइट बंद होने से नाराज ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के फैसले को जनविरोधी बताया। ग्रामीणों का कहना है कि इस ट्रैफिक लाइट के बंद होने से सेक्टर 33 की ओर आने-जाने में भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं। यह मार्ग बुड़ैल गांव के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है और लाइट बंद होने से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ेगी, बल्कि सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने यह फैसला बिना स्थानीय निवासियों से किसी प्रकार की सलाह-मशविरा किए लिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372